सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट- दिनांक 22.03.2024

अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 02 अवैध तमन्चा व 05 जिन्दा कारतूस किये गये बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में **थाना ऊसराहार पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

आगामी लोकसभा निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 21.03.2024 की रात्रि को थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा भरतिया अंडर पास पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग की जा रही थी, इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि 02 व्यक्ति समथर चौराहे पर अवैध असलहा व कारतूस लिये खड़े है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना ऊसराहार पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर दोनों **अभियुक्तों को समथर बम्बा चौराहा पुलिया के पास से समय 22.30 बजे गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस पूछताछः-

पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये अभियुक्तों से नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो शैलेन्द्र कुमार के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं अमित कुमार के कब्जे से 01 अवैध तमन्चा 12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किये गये।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना ऊसराहार पर मु0अ0सं0 38/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. शैलेन्द्र कुमार पुत्र बलवीर सिंह निवासी तालपार थाना भरथना जनपद इटावा **उम्र 19 वर्ष।**
2. अमित कुमार पुत्र दशरथ सिंह निवासी खसुआ थाना कुदरकोट जनपद औरैया **उम्र 18 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 38/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना ऊसराहार जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर
2. 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. 01 अवैध तमंचा 12 बोर
4. 02 जिंदा कारतूस 12 बोर

पुलिस टीम- उ0नि0 श्री बेचन सिंह थानाध्यक्ष ऊसराहार, उ0नि0 श्री मंगल सिंह, का0 ज्ञानेन्द्र सिंह, का0 हेमराज सिंह, का0 प्रमोद कुमार।